हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री


67वीं राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में फिर छाये इंडस स्कूल के खिलाड़ी 10



पात्रों को अविलंब योजनाओं का लाभ पहुंचाएं 10




## खबर संक्षेप

### आज से जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव

**जींद।** दीवान बाल कृष्ण रंगशाला में दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होने जा रहा है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रचार वैन जिला के प्रत्येक गांव व वाडार्ं में इस गीता जयंती महोत्सव में आने के लिए आम नागरिकों को जागरूक कर रही है, सभी नागरिक महोत्सव में अवश्य आएं।

### 90 ग्राम अफीम सहित दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा 2 आरोपितों को 90 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस के एसआई जयभगवान की टीम सांयकालीन गश्त दौरान बस अड्डा क्योड़क के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि महेश गिरी बाबा डेरा निवासी देवगिरी अफीम बेचने का धंधा करता है।

### हथियार के साथ फोटो अपलोड करने पर केस

**जींद।** इंस्टाग्राम पर असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि दीपक काकडौद की इंस्टाग्राम आईडी पर कुछ लोगों ने अवैध असलहा के साथ फोटो अपलोड की हुई है।

### कंबाइन की टक्कर से कार सवार तीन घायल

**कैथल।** सीवन के पास कंबाइन चालक ने कार को टक्कर मारने से कार में सवार दंपत्ति व बेटा घायल हो गए। गांव शिमला के रामकला ने सीवन थाना में शिकायत दी कि उसने गांव रत्ताखेड़ा में जमीन खरीदी है। 19 दिसंबर को शाम करीब छह बजे वह अपनी पत्नी चंद्रपति व बेटे राममेहर के साथ जमीन की रजिस्ट्री करवाकर वापस गांव शिमला जा रहा था।

### दो भैंस व एक कटड़ा चोरी, मामला दर्ज

**सफीदों।** उपमंडल के गांव मलिकपुर के एक डेरे से दो भैंस व एक कटड़ा चोरी होने पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। सफीदों पुलिस को दी शिकायत में गांव मलिकपुर निवासी जसबीर सिंह ने बताया कि सुबह करीब छह बजे वह भैंस का दूध निकालने के लिए डेरे पर आया तो देखा कि वहां कर चारदिवारी के लोहे का गेट उखड़ा हुआ था।

### ड्यूटी में बाधा पहुंचाने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस ड्यूटी में बाधा डालकर आरोपी को भगाने के मामले की जांच थाना पूंडरी पुलिस के एसआई हरपाल ने आरोपी गांव टयौंठा निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूंडरी थाना के एएसआई जयभगवान की शिकायत अनुसार 15 सितंबर को टीम थाना पूंडरी में दर्ज के मामले में नामजद आरोपी टयौंठा निवासी सोनु को गिरफ्तार करने के लिए उसके घर गई थी।

### दो दुकानों के टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर दो दुकानों के ताले तोड़ कर कीमती सामान तथा नगदी को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो युवतियां व एक विवाहिता लापता

**कैथल।** अलग-अलग जगहों से दो युवतियां व एक विवाहिता लापता हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है। मामले में चीका थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि 20 दिसंबर को सुबह के समय उसकी 19 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई, जो अभी तक वापस नहीं लौटी है।

## कड़ाके की ठंड के बीच उपायुक्त ने रात को लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# सर्दी के मौसम में कोई व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये, जिला प्रशासन गंभीर : डीसी

जिला प्रशासन के अधिकारी रात के समय सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस अड्डे का निरीक्षण कर रहे

**बस अड्डा, पालिका बाजार, रेलवे जंक्शन का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। जिला प्रशासन के अधिकारी रात के समय सार्वजनिक जगहों जैसे रेलवे स्टेशन, बस अड्डे का दौरा कर रहे है। वीरवार की रात को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा व अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने बस अड्डा, पालिका बाजार, रेलवे जंक्शन आदि जगहों पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर रात गुजार रहे लोगों में कंबल वितरित किए। बस अड्डा पर किया रैन बसेरे का निरीक्षणः उपायुक्त बस स्टैंड पहुंचे और वहां उन्होंने रैडक्रॉस द्वारा बनाए गए रैन बसेरा का निरीक्षण किया। रैडक्रॉस सचिव रवि हुड्डा को निर्देश दिए कि वे इस रैन बसेरा के पास शौचालय एवं पीने के पानी का भी प्रबंध करें ताकि रात को रूकने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग रैन बसेरा बनाने के निर्देश भी दिए। रैडक्रॉस सचिव ने उपायुक्त को बताया कि वे रैन बसेरा में आने वाले लोगों के लिए सामाजिक संस्थाओं से संपर्क कर उन्हें भोजन भी उपलब्ध करवाएंगे। चूंकि पिछले वर्ष रैन बसेरा में सर्दी के दिनों में 165 लोग जो किसी कारणवश बस स्टैंड पर फंसे थे वे यहां रूके थे। पालिका बाजार में बनाए रैन बसेरे में सुविधाओं को जांचाः पालिका बाजार स्थित नगरपरिषद द्वारा बनाए गए रैन बसेरा में डीसी गए और वहां उन्होंने रैन बसेरा में दी जाने वाली सुविधााओं को जांचा।




**जींद।** बस अड्डा पर बनाए गए रैन बसेरे का जायजा लेते डीसी।



पालिका बाजार में बनाए गए रैन बसेरे में रजिस्टर जांचते उपायुक्त।

### नप अधिकारियों को आदेश

उन्होंने नगरपरिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरा में केवल वे ही लोग रूकें जो ट्रेन छूटने एवं बस निकलने एवं अन्य किसी कारणवश से जींद में रह गए हैं। रैन बसेरा को अत्याधिक सर्दी एवं अत्यधिक गर्मी के मौसम के अलावा यदि कोई यात्री इसमें रूकना चाहे तो इसे अतिथि गृह की तरह केवल नाममात्र राशि लेकर इस्तेमाल कर सकते हैं और उस राशि से इस रैन बसेरा में ही लगाया जा सकता है। उन्होंने इसका रजिस्टर एवं सीसीटीवी कैमरे को भी चैक किया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरा के साथ लगती जमीन पर बहुमंजिला पार्किंग बनाने के लिए भी कहा ताकि यहां पर लगने वाले जाम की समस्या का हल हो सके।

### रैन बसेरे बनाएः डीसी

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोई भी बेघर व्यक्ति खुले आसमान के नीचे रात न गुजारे। प्रत्येक व्यक्ति को कड़ाके की ठंड में सिर ढ़कने के लिए आश्रय मिले, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से वचनबद्ध है। नगरपालिका क्षेत्रों में इस बात का विशेष ख्याल रखा जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति खुले में रात न बिताए। अगर कोई व्यक्ति खुले में सोता हुआ मिलता है तो उसे जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे रैन बसेरे में आश्रय दिलवाया जाता है। जिला में कई स्थानों पर रैन बसेरे बनाए गए हैं। इसके साथ-साथ जींद, नरवाना तथा उचाना तथा सफीदों के एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वे ठंड के इस मौसम में सार्वजनिक जगहों जैसे बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, पाकोंर्, सड़कों इत्यादि का निरीक्षण करते रहे ताकि काई भी बेघर खुले आसमान के नीचे रात न बिताएं। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी माधुर्या तरफदार, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सीपीओ प्रवीन परूथी, नगर परिषद के सचिव अशोक दांगी, जितेंद्र सिंह, अशोक सैनी आदि मौजूद थे।

## अलेवा खंड पटवारी को सरपंच के बेटे ने साथियों संग पीटा

- नायब तहसीलदार के साथ नाला विवाद के सिलसिले में पहुंचा था पटवारी
- बीडीपीओ की शिकायत पर पुलिस ने सरपंच के बेटे को नामजद कर अन्य पर दर्ज किया केस

**जींद।** गांव पेगां में गंदा पानी निकासी नाला विवाद के सिलसिले में अमले के साथ पहुंचे अलेवा खंड पटवारी के साथ सरपंच पक्ष द्वारा मारपीट की। जिसके चलते अमला बिना कार्रवाई किए बैरंग लोट आया। अलेवा थाना पुलिस ने अलेवा के बीडीपीओ की शिकायत पर सरपंच के बेटे को नामजद कर अन्य के खिलाफ मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीडीपीओ अक्षय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव पेगां में गंदा पानी नाला विवाद को लेकर अलेवा के खंड पटवारी संदीप, नायब तहसीलदार राघवेंद्र, तहसील पटवारी लखपत के साथ अलग गाडियों से गांव पेगां गए थे। सबसे पीछे खंड पटवारी संदीप की गाड़ी थी। जब गाड़ी सरपंच के मकान के सामने से गुजर रही थी तो उसी दौरान सरपंच के बेटे सुरेंद्र व उसके साथियों संदीप पटवारी की गाड़ी को रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मौक पर मौजूद अन्य अधिकारियों तथा कर्मियों ने उसे आरोपितों की चंगुल से छुडाया।

## दूध और देसी घी के सैंपल भरे

- फूड इंस्पेक्टर ने डेयरी और होटलों में चलाया छापेमारी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

निरीक्षण खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने एसडीएम कपिल कुमार की अगुवाई में शहर में विभिन्न स्थानों पर डेयरियों, होटलों और किरयाने की दुकानों में दबिश दी। इस दौरान टीम ने यहां पर विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. गौरव शर्मा ने बताया कि सभी जगहों पर 12 सैंपल लिए। इसमें सब्जियां, बंद घी के पैकेट, दूध व देसी घी के सैंपल शामिल रहे। शर्मा ने बताया कि यह निरीक्षण खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त के आदेशों पर किया है। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि सभी खाद्य पदार्थ विक्रेताओं एवं निर्माताओं को ताजा व शुद्ध खाद्य पदार्थ बेचें। सभी खाद्य पदार्थ ढक कर रखें व कटे फल न बेचे, मिठाई को ढक कर रखें, फलो, सब्जियों, एवं जूस आदि की रेहड़ियों को मिट्टी, धूल व मक्खियों से बचा कर रखें, अगर कोई भी खुले में रखे खाद्य पदार्थ कटे फल, गले सड़े व दूषित खाद्य पदार्थ बेचता पाया गया तो उन सभी खाद्य पदार्थों को नष्ट करवा दिया जाएगा।



**कैथल।** डेयरी में दूध व पनीर की जांच करती खाद्य निरीक्षक की टीम ।

## 198 वाहन चालकों पर ठोंका जुर्माना

- बांई लेन में चलने के लिए वाहन चालकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व यातायात हादसों से बचाने के लिए गलत लेन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक अभियान चला कर जहां पुलिस ने चालकों को जागरुक किया गया, वहीं पर लाइन चेंज के 198 वाहन चालकों के चालान काटे । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतु भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतु वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए थे। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने वाहन चालकों को जागरुक किया कि वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतु यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले, रॉन्ग साइड में तथा अंडर एज वाले चालक वाहन न चलाएं जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान में जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर आमजनों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। एसपी ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। जब भी हाईवे या सड़क पर चलाएं तो अपने वाहन को निर्धारित गति में अपनी लेन में ही चलाएं। इससे हादसा होने की संभावना न के बराबर रहती है। अक्सर देखने में आता है कि चालक अपने व्हीकल को एक लाइन से दूसरी लेन में अचानक ले जाते है।



**कैथल।** यातायात नियमों का पालन न करने वालों का चालान करती पुलिस।

### तीन पिस्तौल-चार जिंदा कारतूस सहित 3 दबोचे

**जींद।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन युवकों को काबू कर उनके कब्जे से तीन पिस्तौल तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने तीनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जाच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव हैबतपुर ओवरब्रिज के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खडा हुआ है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उस के कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान गांव शाहपुर निवासी विनोद के रूप में हुई। वही डिटेक्टिव स्टाफ ने सोमनाथ मंदिर के निकट गांव बीबीपुर निवासी अमित को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। वहीं डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव शाहपुर निवासी चंद्रकात को कैथल रोड पर काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। संबंधित थाना पुलिस ने पकडे गए तीनों लोगों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## हरियाणवी गायक मासूम शर्मा के आवास के बाहर फायरिंग, दहशत

- केहर खरकिया को नामजद कर 50 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणवी गायक मासूम शर्मा के आवास के बाहर कुछ लोगों द्वारा हवाई फायरिंग करने तथा परिवार की महिला के साथ बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने के आरोप भी हरियाणवी गायक केहर खरकिया व उसके साथियों पर लगे हैं। जुलाना थाना पुलिस ने मासूम शर्मा की भाभी की शिकायत पर पर केहर खरकिया को नामजद कर 50 अन्य के खिलाफ अश् फायरिंग कर दहशत फैलाने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ब्राह्मणवास निवासी हरियाणवी गायक मासूम शर्मा की भाभी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर के अंदर थी। उसी दौरान पांच लोग घर के अंदर घुस आए। तीन लोगों के पास असलहा थे। उन्होंने मासूम के बारे में पूछताछ करते हुए, उसके साथ बदसलूकी और गाली गलौज की। जिसके बाद आरोपित मासूम के ऑफिस की तरफ निकल गए। शोर मचाते हुए वह मासूम के कार्यालय की तरफ गई तो वहां पर दर्जनभर से ज्यादा गाड़ियों में हथियारों से लैस लोग थे।

### पुर्तगाल भेजने के नाम पर सात लाख रुपये ठगे

**कैथल।** ढांड पुलिस ने गांव साकरा के एक युवक को पुर्तगाल भेजने के नाम पर दो आरोपियों सात लाख रुपये ठगने का मामल दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपियों ने उसे बेलारूस तक तो सही तरीके से भेज दिया, लेकिन बाद में जंगल के रास्ते आगे भेजने लगे। परिवार को अभी तक युवक के बारे में पता नहीं लग पाया है। गांव साकरा निवासी ललित ने ढांड थाना में शिकायत दी कि बरसाना निवासी समरदीप व रमन युवकों को पुर्तगाल भेजने का काम करते हैं। आरोपियों ने उससे कहा कि वे उसके भाई नवीन को वर्क परमिट पर 13 लाख 50 हजार रुपये में पुर्तगाल भेज देंगे। आरोपियों ने उसके भाई का पासपोर्ट और दो लाख रुपये गत एक अक्तूबर को ले लिए। तीन अक्तूबर 2023 को आरोपी उसके भाई नवीन को अपने साथ दिल्ली ले गए और वहां से बेलारूस भेज दिया।

## युवक के साथ मिलकर डंडों से पीट पीटकर पति की हत्या, मामला दर्ज

- पत्नी व युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव सुरबरा में घरेलू विवाद के चलते पत्नी ने गांव के ही एक अन्य युवक के साथ मिलकर पति की डंडों से पिटाई कर हत्या कर दी। उचाना थाना पुलिस ने पत्नी समेत दो के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुरबरा गांव निवासी अमित ने उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चाचा राजा खेतीबाड़ी का काम करता है और वह हिसार जिले के गांव किन्नर निवासी कुसुम के साथ शादीशुदा है। 20 दिसंबर रात को करीब दस बजे मेरे चाचा व चाची के बीच में झगड़े की आवाज सुनाई दी। वह दीवार कूदकर उनके मकान में चला गया। जहां पर मेरे चाचा राजा के सिर में चोट लगी हुई थी और उससे खून निकल रहा था। वह दोनों को समझा बुझा कर शांत किया। जब वह घर से बाहर निकाल रहा था तो उनके परिवार का ही वीरेंद्र घर पर आ गया। उसके आने के बाद वह घर पर जाकर सो गया। सुबह उठा तो पता चला कि मेरे चाचा राजा की मौत हो गई। जब उसने मौके पर जाकर देखा तो मेरे चाचा राजा चारपाई पर पड़ा हुआ था और चारों तरफ खून बह रहा था। जब रात को घर पर आए वीरेंद्र से पूछा तो उसने बताया कि उसकी चाची कुसुम के साथ मिलकर उन्होंने रात को उसकी डंडों से पिटाई कर दी।

**मामला दर्ज**

उचाना थाना के जांच अधिकारी एसआई बलवान सिंह ने बताया कि कुसुम व वीरेंद्र के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्यार्थियों को पारंगत करने के लिए एजेंसी हायर की

# कालेजों के विद्यार्थी सीखेंगे उद्यमी बनने गुर

- उच्चतर शिक्षा विभाग ने राजकीय पीजी कॉलेज का नाम स्टार्टअप इनक्यूबेटर के लिए प्रस्तावित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र पढ़ाई के साथ-साथ उद्यमी बनने के गुर सीखेंगे। इसके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने राजकीय पीजी कॉलेज का नाम स्टार्टअप इनक्यूबेटर के लिए प्रस्तावित किया है। विद्यार्थियों को पारंगत करने के लिए एजेंसी हायर की गई है। इस एजेंसी को महाविद्यालय में तीन हजार स्क्वायर फीट जगह उपलब्ध करवाई जाएगी। जहां वह विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करेगी। जिले के 17 राजकीय व निजी महाविद्यालयों में पढ़ने वाले दस हजार से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ मिलेगा। जिस भी क्षेत्र में स्टार्टअप करना है, उसकी जानकारी देगी एजेंसीः कोई भी विद्यार्थी स्टार्टअप इनक्यूबेटर के जरिये जिस भी क्षेत्र में स्टार्टअप करना चाहता है, उसके बारे में एजेंसी को बताएगा। फिर एजेंसी उस विद्यार्थी को ट्रेनिंग देगी। विद्यार्थी को बताया जाएगा कि वह अपना पसंदीदा स्टार्टअप कैसे कर सकता है। इस तरह पढ़ाई के दौरान ही विद्यार्थी अपना बिजनेस शुरू कर सकेंगे और आमदनी के स्रोत बना सकेंगे। विद्यार्थियों के रुझान के हिसाब से एजेंसी अलग-अलग स्टार्टअप के आधार पर ग्रुप बनाएगी। उन ग्रुप में विद्यार्थियों को शामिल करके उनके प्रशिक्षण बैच बनाए जाएंगे। इसके बाद विशेषज्ञ प्रशिक्षितों की ओर से उनको प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिस क्षेत्र में विद्यार्थी स्टार्टअप करना चाहेगाए उसी के मुताबिक एजेंसी मशीनें या लैब स्थापित करेंगी। इस एजेंसी को महाविद्यालय में तीन हजार स्क्वायर फीट जगह उपलब्ध करवाई जाएगी। वह विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करेगी। जिले के 17 राजकीय व निजी महाविद्यालयों में पढ़ने वाले दस हजार से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ मिलेगा।

### राजकीय पीजी कॉलेज का नाम प्रस्तावित



राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग ने स्टार्टअप इनक्यूबेटर बनाने के लिए राजकीय पीजी कॉलेज का नाम प्रस्तावित किया है। कोई भी विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकता है। पढ़ाई के साथ-साथ ही विद्यार्थी बिजनेस करना सीख सकेंगे। इससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। यहां निर्धारित एजेंसी विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए प्रशिक्षण देगी।

## गांव नरड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से नियंत्रित क्षेत्र कैथल के अंतर्गत पड़ने वाली राजस्व संपदा नरड़ में पनप रही अवैध कालोनी पर तोड़-फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई। इस कार्यवाही के दौरान कार्यकारी अभियंता वरूण कंसल बतौर डयूटी मैजिस्ट्रेट तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध निर्माणों को हटाने के लिए जे.सी.बी. मशीन सहित घटना स्थल पर पहुंचा और अवैध रूप से बनाई गई डीपीसी और कच्ची सड़कों को हटाने का कार्य शुरू किया गया। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में नरड़ में भू-मालिको द्वारा बिना विभागीय अनुमति के निर्माण करने का मामला आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों और प्रोपटी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे।

## खबर संक्षेप

### गुरुकुल विद्यापीठ बना ओवरऑल चैंपियन

जींद। विनय बाल मंदिर गुरुकुल विद्यापीठ लखमीरवाला में आयोजित की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में गुरुकुल विद्यापीठ के खिलाड़ियो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गुरुकुल विद्यापीठ का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अंडर-14 100 मीटर रेस में रितेश ने प्रथम, अंडर-17 रेस में विशेष एवं कीर्ति प्रथम, अनुष्का तृतीय, अंडर-14 आयु वर्ग लॉग जंप में रितेश प्रथम एवं प्रशांत तीसरे स्थान पर रहा।

### सांसदों के निष्कासन पर प्रदर्शन आज

जींद। भाजपा सरकार ने देश में संसदीय लोकतंत्र पर किए हमले के तहत विपक्ष के 143 सांसदों को निष्कासित करने के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व कांग्रेस पार्टी शुक्रवार को सयुंक्त रूप से विरोध प्रदर्शन करेगी। माकपा जिला सचिव रमेश चंद्र ने बताया कि भाजपा की सरकार विपक्षी नेताओं को संसद के बाहर बैठा कर कठोर कानूनों को आगे बढ़ा रही है।

### बच्चों का ब्लॅड ग्रुप जांच के लिए कैंप आयोजित

जींद। पटियाला चौक स्थित ब्लू बर्ड मांटेसरी स्कूल में प्री प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों का ब्लड ग्रुप जांचने के लिए सैंपल कैंप का आयोजन किया गया। स्कूल स्काउट लीडर नीरू कामरा व गाइड्स अंकिता ने इस कार्य में लैब असिस्टेंट की सहायता की। मुख्याध्यापिका पूनम आहूजा ने कहा कि स्कूल के सभी बच्चों का ब्लड ग्रुप जांचने के लिए कैंप शीघ्र ही लगाया जाएगा।

### कार्यक्रम में आई महिला से दुष्कर्म का प्रयास

जींद। जुलाना थाना इलाका गांव में परिवारिक कार्यक्रम में आई महिला के साथ मारपीट, ससुरालीजनों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला के साथ उसके देवर ने दुष्कर्म की कोशिश की तो पति ने जहरीला पदार्थ दे दिया। जुलाना थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मिमिक्री को मुद्दा बनाकर खापों से जोड़ने की निंदा

जींद। माजरा खाप पंचायत ने मिमिक्री को मुद्दा बना कर जाटों व खापों से जोड़ने की आलोचना की है। इस विषय का जाट समाज व खाप पंचायत से कोई सरोकार नही है। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधु, सचिव महेंद्र सिंह सहारण ने उन लोगों को जो इस मुद्दे को उठा रहे हैं से कहा कि खाप पंचायतें सभी समाजों को मिल कर बनाई जाती हैं। किसी एक समाज की नहीं होती हैं।

### इनेलो का महिला सम्मेलन 31 को

उचाना। भाजपा नेता देवेंद्र अत्री की पत्नी सुषमा अत्री भी हलके के खटकड़, खांडा सहित कई गांवों में नारी तू नारायणी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। सुषमा अत्री भी महिला सम्मेलन के माध्यम से निरंतर महिलाओं से जुड़ाव कर रही है। महिलाओं को अधिकारों एवं सरकार की नीतियों के बारे में बता रही है। अब इनेलो भी 31 को उचाना की मंडी में प्रदेशस्तरीय महिला सम्मेलन सुनैना चौटाला की अगुवाई में कर रही है।

### सद्गति के लिए सच्ची भक्ति जरूरीः अहिरका

जींद। असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि जिस प्रकार भोजन के खाने से हमारे शरीर की भूख मिटती है, इसी प्रकार परमात्मा की सच्ची भक्ति करने से हमारे जीवन में धैर्य, संतोष, सहजता, करुणा, परोपकार जैसे ईश्वरीय गुणों का विकास होता है। जिससे हमारे मन की तृष्णा शांत होती है।

### शोक संतप्त परिवार का बंधाया ढांढस

जींद। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जजपा अलेवा ब्लॉक प्रधान शमशेर नगूरां के बड़े भाई हवा सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने गांव नगूरां पहुंच कर स्वर्गीय हवा सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक जताया और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## रक्षित खटकड़ ने प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

# 67वीं राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में फिर छाये इंडस स्कूल के खिलाड़ी

रक्षित खटकड़ ने अंडर 17 आयु वर्ग के 82 किलो भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त कर अपने माता-पिता, स्कूल, जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पदक विजेता खिलाड़ी रक्षित को सम्मानित करती प्राचार्या अरूणा शर्मा।

दिल्ली स्थित छत्तरसाल स्टेडियम मॉडल टाउन में 67वीं राष्ट्रीय स्कूली कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 20 दिसंबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्कूली स्तर पर सभी रा'यों के अनेक स्कूलों खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। यह राष्ट्रीय स्कूली स्तर की कराटे प्रतियोगिता भी इंडस पब्लिक स्कूल के प्रभाव से वंचित नही रही।

इस राष्ट्रीय स्कूली स्तर की कराटे प्रतियोगिता में इंडस पब्लिक स्कूल के रक्षित खटकड़ ने भाग लेते हुए अंडर 17 आयु वर्ग के 82 किलो भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त करके अपने माता-पिता, स्कूल, जिले एवं रा'य का नाम रोशन किया। प्रशिक्षक कृष्ण सिंगरोहा ने बताया कि खिलाड़ी रक्षित खटकड़ ने हरियाणा कि तरफ से भाग लेते हुए पहला मैच कर्नाटक के खिलाड़ी से 7-2 के अंतर से, दूसरा मैच पंजाब के खिलाड़ी से खेलते हुए 8-4 के अंतर से विजयी किया। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी से अच्छा प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। इस विजेता खिलाड़ी की इस विशिष्ठ उपलब्धि पर इंडस पब्लिक स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षक कृष्ण सिंगरोहा को बधाई देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपना विशेष स्थान बना रहा है।

उन्होंने अन्य बच्चों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से हमारे अंदर आत्मविश्वास, एकाग्रता और मेलजोल की भावना बढ़ती है, इसलिए आज के विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ खेलों में भी विशेष स्थान बनाना चाहिए। इस अवसर पर इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने बच्चों में उत्साह जागृत करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेलों के माध्यम से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है एवं बच्चों के हुनर का पता चलता है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों के माध्यम से ही बच्चों के अंदर शारीरिक एंव मानसिक विकास उत्पन्न होता है।



जींद। विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ।

### राजकीय संस्कृति स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

नरवाना। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत तीन प्रतियोगिताएं विज्ञान मॉडल रोल प्ले और पोस्टर मेकिंग करवाई गई। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा इस प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन बना अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि कक्षा वर्ग छठी से आठवीं में मॉडल मेकिंग हेल्थ में यश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मॉडल लाइफ थीम में जतिन प्रथम, मॉडल एग्रीकल्चर में लक्ष्मी द्वितीय रोल प्ले हेल्थ में वर्णिका प्रथम, रोल प्ले एग्रीकल्चर में स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग के अंतर्गत कम्युनिकेशन तथा ट्रांसपोर्ट थीम के अंतर्गत विशाल प्रथम, पोस्टर मेकिंग कंप्यूटेशनल थिंकिंग में प्रियांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमी से बारहवीं वर्ग में मॉडल मेकिंग हेल्थ में जानवी प्रथम ट्रांसपोर्ट में अनु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग हेल्थ थीम में हर्षदीप प्रथम व पोस्टर मेकिंग लाइफ थीम में रवि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम का विद्यालय में पहुंचने पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने नोडल अधिकारी प्राध्यापक जीव विज्ञान हरदीप सिंह, कपिल कुंडू, गणित प्राध्यापक सुनील गोयल, सुनील कुमार प्राध्यापिका किरण व विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया एसएमसी प्रधान सूबेदार सुखबीर शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## हरियाणा ने जीता नेटबॉल प्रतियोगिता का खिताब

- जींद के खिलाड़ी करण डागर के दमदार प्रदर्शन से जीती ओम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। करण डागर को सम्मानित करते हुए कृषि मंत्री।

श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी कलि 'गा भिवानी में 14 से 17 दिसंबर तक आयोजित लड़कों की 41वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा ने कड़े मुकाबले में राजस्थान की टीम को फाइनल मुकाबले में 32- 31 से

हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। हरियाणा की टीम ने अपने सभी मैच जीत कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की टीम की तरफ से जींद जिले के करण डागर ने भी हिस्सा लिया। करण डागर ने सभी मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की जीत में महत्पूर्ण योगदान दिया। हरियाणा सिविल सचिवालय में कार्यरत होने के साथ-साथ खेल के लिए समय निकाल कर हरियाणा टीम का हिस्सा बनने के लिए करण डागर ने दिन रात कठोर मेहनत की। वो नेटबॉल खेल से लगभग 10 वषोर्ं से जुड़े हुए हैं। करण डागर ने अपनी जीत का श्रेय अपने प्रथम गुरू, हरियाणा नटेबॉल एसोसिएशन के प्रधान व भारतीय नेटबॉल डेवलपमेंट कमेटी के प्रधान हरिओम कौशिक और बडे. भाई आषीष डागर को दिया है। करण डागर का ट्रायल लेकर उसे राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक में 23 नवंबर से 13 दिसंबर तक नेशनल नेटबॉल

चैंपियनशिप के शिविर में शामिल किया। यहां सभी खिलाड़ियों की सुबह शाम कठोर ट्रेनिंग हु ई। ट्रेनिंग बाद हरियाणा की टीम का फाइनल सिलेक्शन हुआ। जिसमें करण डागर भी टीम का हिस्सा बनें।

### ब्राहमणवास व पौली पहुंची विकसित संकल्प यात्रा

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के ब्राहमणवास और पौली गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में लाभार्थी योजना के सोशल मीडिया प्रभारी गौरव भारद्वाज ने शिरकत की। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए गौरव भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद तक सरकार की सुविधा पहुंचे और अगर किसी ग्रामीण को कोई परेशानी है तो अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समस्या का समाधान किया जाता है। ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। इसके लिए हर गांव में विकसित भारत यात्रा पहुंच रही है।

## जुलाना का होगा विकासः डॉ. पुष्पा

- वार्ड सात में बन रही गलियों का भाजपा नेत्री ने किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। वार्ड सात में गली का मुआयना करती भाजपा नेत्री डा पुष्पा तायल।

कस्बे के वार्ड सात में बन रही गलियों का वार्ड सात की निर्विरोध पार्षद और भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. पुष्पा तायल ने मुआयना किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते डा पुष्पा तायल ने कहा कि जुलाना के विकास में कोई कमी नही रहने दी जाएगी। जुलाना में विकास कार्यों की गंगा बहाई जाएगी। जितने विकास कार्य पिछले 70 साल में नही हुए अब जुलाना में हो रहे हैं। भाजपा सरकार से पहले जुलाना एक गांव की तरह होता था। विकास के मामले में हमेशा से ही भेदभाव किया है। लेकिन भाजपा ने सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवाया है। भाजपा नेत्री ने वार्ड के लोगों की समस्याओं को सुना व मौके पर ही कनिष्ठ अभियंता कृष्ण अहलावत को बुलाया और गली के लोगों की गली के लेवल व पानी निकासी की समस्या का निवारण करवाया व उखाड़े गए मटेरियल को उठवाने के निर्देश दिए। तायल ने लोगों से कहा कि वार्ड में जुलाना में किसी भी कार्य की कमी नही रहने दी जाएगी व सभी कार्य सरकार पूरा करवाएगी। गीताराम , सुरेश तायल, बबली, सिब्बल, सत्यनारायण शर्मा, रेणु मित्तल, सुषमा पांचाल, सुशीला तायल निर्मला, कमलेश, चंद्रपति, ओमवती आदि मौजूद थे।

### जनआक्रोश रैली को लेकर किया मंथन

नरवाना। हरियल रेस्ट हाउस में कांग्रेस नेत्री सुमन बेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व युवा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में किसान आंदोलन में संघर्ष करते जान गवाने वाले 750 किसान व मजदूरों को श्रद्धांजलि देने के लिए 24 दिसंबर को सिरसा के सेक्टर 19 हुड्डा ग्राउंड में होने जा रही किसान मजदूर जन आक्रोश रैली की तैयारी बारे विचार विमर्श किया। वहीं सुमन बेदी ने किसानों मजदूरों के चले लंबे संघर्ष की याद ताजा करते कहा की आज जालिम सरकार से मुक्ति पाने का समय आ गया है। हमें सरकार ने किस तरह से रोड़ खोदकर उसमें लंबी-लंबी किले लगवाई थी और गोलीबारी लाठी चार्ज किया था। निहथी बहन बेटियों को भी जलील किया गया था। उसको किसी भी कींमत पर नहीं भुलाया जा सकता। महिला पहलवानों के साथ बदसलूकी और उनके संघर्ष के समय को जब याद करते हैं तो खून के आसुँ आते हैं। रात दिन गर्मी सर्दी की परवाह किये बिना लंबे समय तक चले किसान आंदोलन में विभिन्न स्थानों पर 750 किसानों ने जान गवाई थी।

## आप की बदलाव यात्रा का हुआ स्वागत

- बदलाव यात्रा से प्रदेश में बदलाव की हुई शुरूआत : अनुराग ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। शहर के मेन बाजार से होकर जाती आप की बदलाव यात्रा।

महेंद्रगढ़ से शुरू आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा ने बुडायन गांव से हलके में एंट्री की। आप के राष्ट्रीय सलाहकार एवं प्रदेश सीनियर उप प्रधान अनुराग ढांडा की अगुवाई में महेंद्रगढ़ ये यात्रा शुरू की है। यात्रा का उचाना में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। अनुराग ढांडा की अगुवाई में यात्रा पालवां बस स्टॉप से रेलवे रोड, पुरानी मंडी तक पहुंची। यहां से पैदल मार्च करते हुए पुलिस चौकी रोड, लितानी रोड के रास्ते फाटक तक पहुंची। बाजारों में दुकानदारों ने यात्रा का स्वागत किया तो छत पर खड़ी होकर महिलाएं भी यात्रा को उत्सुकता से देखती नजर आई। बस स्टैंड के पास भगवान परशुराम धर्मशाला में यात्रा का रात्रि ठहराव की व्यवस्था की हुई थी। अनुराग ढांडा ने कहा कि आप द्वारा 15 दिसंबर से अलग-अलग जगहों से बदलाव यात्रा शुरू की गई है। सिरसा से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व डॉ. अशोक तंवर, कालका से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व चौ. निर्मल सिंह, फरीदाबाद से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व डॉ. सुशील गुप्ता, महेंद्रगढ़ से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व वे खुद (अनुराग ढांडा) कर रहे है। 25 दिसंबर को फरीदाबाद से शुरू होने वाली यात्रा जींद, सिरसा से शुरू होने वाली भिवानी, कालका से शुरू हुई यात्रा पानीपत, महेंद्रगढ़ से शुरू हुई यात्रा कैथल में खत्म होगी।



जींद। अमृत सरोवर का निरीक्षण करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### दुर्जनपुर-सुरबुरा के अमृत सरोवरों का किया निरीक्षण

जींद। अमृत सरोवरों की जिस जगह से मिट्टी की बरम टूटी हुई है, उसे अधिकारी 26 जनवरी से पहले पूरा करना सुनिश्चित करें। ये अमृत सरोवर गांव की सुंदरता को निखारने का काम करते हैं, इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने ये निर्देश गांव दुर्जनपुर व सुरबुरा के अमृत सरोवरों का निरीक्षण करने उपरांत कही। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ग्रामीणों से मिले ग्रामीणों ने अमृत सरोवर के करवाए गए विकास कायारें की सराहना भी की। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त से मांग रखते हुए कहा कि इन सरोवरों की मिट्टी की बरम फिसल गई है, उसके कारण गांव का गंदे निकासी का पानी साफ पानी में मिल जाएगा। जिससे साफ पानी खराब होगा। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य को जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें ताकि गांव का साफ पानी खराब ना हो। ये अमृत सरोवर गांव की सुंदरता को निखारने का और गांव वासियों के लिए एक गुणवत्ता भरा मनोरंजन स्थान का काम करते है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगी माधुर्या तरफदार व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जींद में बनाया जाए औद्योगिक क्षेत्र : शर्मा

- मांगों को लेकर तीन जनवरी को डीसी को सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक करते शिव नारायण शर्मा। फोटो :हरिभूमि

मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के अध्यक्ष शिव नारायण शर्मा ने जीतगढ़ में सभा को संबोधित करते कहा कि संगठन जींद के विकास के लिए बनाया गया है। संगठन का मुख्य उद्देश्य जींद का विकास है। संगठन के मुख्य उद्देश्यों में पहला उद्देश्य जिला जींद को औद्योगिक क्षेत्र बनवाना है। जिससे यहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके। दूसरा उद्देश्य जिला जींद में रानी तालाब, पुराना बस स्टैंड, अर्जुन स्टेडियम को मिला कर पर्यटन स्थल बनवाना है, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा व सरकार को टैक्स मिलेगा। तीसरा उद्देश्य हांसी रोड स्थित बीड में उचित प्रकार से रवन बनवाना है। जिससे लोगों को रोजगार मिले व जिला जींद एक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित हो। संगठन का चौथा उद्देश्य शहर में सडकों व गलियों का सेम लेवल रख कर पानी के निकासी की व्यवस्था की जाए। पांचवा उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के लिए एमएलए, एमपी के चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण रखवाना है। इसके लिए तीन जनवरी को संगठन के सभी कार्यकर्ता पुरानी अनाजमंडी में इकट्ठे होने के बाद उपायुक्त को अपनी मांगों के लिए ज्ञापन सौपेंगें।



जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे मोतीलाल स्कूल के छात्र। फोटो :हरिभूमि

### निबंध प्रतियोगिता में मोतीलाल स्कूल ने जीते पदक

जींद। साहित्यिक उत्कृष्टता के उत्सव में मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने भागीदारी की। विद्यालय छात्रा अनुष्का, मन्नत, रियांशी, दीपिका, आरती और चित्रांशी ने अपने विचारोत्तेजक निबंधों के माध्यम से न केवल जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया बल्कि प्रथम और द्वितीय रनरअप स्थान भी हासिल किया। उनके आख्यानों ने न केवल भाषा की निपुणता प्रदर्शित की बल्कि प्रतियोगिता के विषयों की गहरी समझ भी प्रदर्शित की। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र ने छात्रों को मेडल पहना कर सम्मानित किया और कहा कि यह जीत हमारे छात्रों की क्षमता और स्पष्ट अभिव्यक्ति के लिए जुनून पैदा करने के लिए हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता के बारे में बहुत कुछ बताती है।

## एडीसी ने डीएलआरसी की बैठक में दिए निर्देश

# पात्रों को अविलंब योजनाओं का लाभ पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी और मौजूद बैंक अधिकारी।

एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि सरकार ने हर जरुरतमंद व्यक्ति को स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाई है। योजना के पात्रों के ऋण आवेदनों का बैंक अधिकारी प्राथमिकता से निपटारा करें। जिला में कार्यरत बैंकिंग संस्थाओं के अधिकारियों को ये निर्देश लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में डीएलआरसी की बैठक को संबोधित करते दिए। एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र व रा'य सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के तहत बैंकों से पात्र व्यक्तियों व परिवारों को ण व वित्तीय सहायता दी जाती है। बैंक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं के तहत किसी भी प्रकार के ण या वित्तीय सहायता में विलंब न हो। योजनाओं में पात्र लोगों को ण व वित्तीय सहायता संबंधी कोई दिक्कत न आए, इसके लिए अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। इसके अलावा ण व वित्तीय सहायता के लंबित आवेदनों का शीघ्रातिशीघ्र निपटान कर अपनी रिपोर्ट भेजें। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पीएमएफएमईएएमएसएमई, पशुपालन और कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने में बैंकों की ण योजनाएं इस क्षेत्र के लिए कारगर साबित हो सकती है। इसलिए छोटे किसानों की आर्थिक दशा सुधारने में बैंक के अधिकारी सकारात्मक प्रयास करें। उन्होंने सभी बैंकों से उनकी प्रगति रिपोर्ट जानी और अपने निर्धारित लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एडीसी ने बैठक में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पीएमएसबीवाई प्रधानमंत्री जीवन 'योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित विभिन्न योजनाओं को लेकर बैंकर्स से रिपोर्ट ली।

**ये रहे मौजूद**

आरबीआई से विक्रम ढांडा, पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख प्रशांत सर्वेद सिंह, एलडीएम विनोद कुमार, नाबार्ड से जगतार सिंह व अन्य बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।



उचाना। प्रवचन में बचपन, विद्यार्थी जीवन के बारे में बताते साध्वी लब्धि प्रभा।

### गुरु, मां-बाप की निगरानी में बच्चों के जीवन का निर्माण

उचाना। साध्वी लब्धि प्रभा ठाणे-3 ने विद्यार्थियों को विद्यालय का अर्थ क्या होता है के बारे में बताते कहा कि विद्या+आलय मतलब विद्या का मंदिर। मंदिर में आकर हर इंसान को एक खुशी प्राप्त होती है। विद्या का अर्थ है ज्ञान व मंदिर का मतलब पूजा का स्थान। ज्ञान लेना ही ज्ञान की पूजा करना है। मंदिर में भगवान की मूर्ति होती है जिसे सजाने संवारने संस्कारित करने के लिए पुजारी होता है। ऐसे ही बच्चें भगवान का रूप होते है व अध्यापक पुजारी की तरह भगवान रूपी बच्चों का संवर्धन करता है। बचपन में हम कुव्यसनों से झूठ और बुराई से बचे रहे तो जीवन सुंगधित बना रहेगा। गुरू, माता-पिता की निगरानी में ही बच्चों के जीवन का निर्माण होता है। बचपन जीवन का स्वर्णिम समय होता है जिसमें सरलता होती है। किसी तरह की चिंता नहीं होती। आज हमारा बचपन खत्म होता जा रहा है। मां, बाप व मित्र बच्चों को झूठ सिखा रहे है। बच्चे सिखाने से नहीं बल्कि दिखाने से सीखते हैं। स्कूल, कॉलेजों का निर्माण तो हो रहा है पर उनमें मानव तैयार नहीं हो रहे। बच्चे कोरी स्लेट के समान होते है। जिस पर कुछ भी लिखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सीवन में शिव महापुराण कथा का आयोजन

**सीवन।** जय दादा खेड़ा सेवा समिति सीवन की ओर से शिव महापुराण कथा का आयोजन सीवन में स्वर्ग द्वार मन्दिर के सामने करवाया जा रहा है। यह कार्यक्रम के तीसरे दिन बतौर मुख्यातिथि समाज सेवी संदीप सैनी ने शिरकत की। संदीप सैनी ने कहा कि हम सभी को इस प्रकार के आयोजनों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

### टीएमसी सांसद के खिलाफ किया प्रदर्शन

**कैथल।** लोकसभा में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से महामहिम उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने के मामले में वीरवार को भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में भाजपा नेताओं ने सबसे पहले भाजपा कार्यकता भाजपा के जिला कार्यालय कपिल कमल में एकत्रित हुए। इसके बाद वे नारेबाजी की।

### नशा न करने बारे में किया गया जागरूक

**कैथल।** नशा जागरूकता मुहिम तहत पुलिस द्वारा आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश, एचसी सुनील कुमार द्वारा सीवन स्थित परम ज्योति नर्सिंग कॉलेज में सहित विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की।

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता करवाई

**राजौंद।** नगर के एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दूसरे दिन फुटबॉल, लंबी कूद, ऊंची कुद तथा खो खो प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान ऊंची कूद में सचिन चंद्रशेखर सदन से प्रथम स्थान पर रहा।

### मनरेगा के तहत दिया जाए 200 दिन का कार्य

**राजौंद।** गांव नीम वाला में हरियाणा सरकार द्वारा मनरेगा के तहत विद्रोह को मिल रहा है। मनरेगा के तहत गांव के शमशान घाट में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे हैं इस दौरान मजदूरों ने बताया कि उन्हें 100 दिन की बजाय 200 दिन का कार्य दिया जाए। खाली समय में उनके चूल्हे चौके बंद हो जाते हैं ।

### अलीशा ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय की कुमारी अलीशा ने एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस बारे जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ प्रेमलता ने बताया कि अलीशा लगातार स्वर्ण पदक हासिल करती रही है। 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में अलीशा ने नेपाल काठमांडू में आयोजित हुई साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में व्यक्तिगत 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।

## ग्रामीणों को दिया गया सरकारी योजनाओं का लाभ

# गांव रसुलपूर व बरोट में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमन चैन और भाईचारा की नीति को लेकर दूसरे देशों का भी साथ दे रहे हैं, जिसके कारण नरेंद्र मोदी विश्व में विख्यात नेता माने जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड


ढांड। पूर्व विधायक तेजबीर सिंह गांव रसूलपूर में गैस कनेक्शन वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पूर्व विधायक तेजबीर सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से नक्सलवाद और आंतकवादी घटनाओं पर अंकुश लगाने का काम कर देश में अमन-चैन का माहौल बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विश्व में सम्मान के साथ चलकर पूरे विश्व में अमन चैन और भाईचारा की नीति को लेकर दूसरे देशों का भी साथ दे रहे हैं, जिसके कारण नरेंद्र मोदी पूरे विश्व में विख्यात नेता माने जा रहे हैं। पूर्व विधायक तेजबीर सिंह गांव रसुलपूर व बरोट में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों जिसमें विश्वकर्मा रोजगार योजना,सीएससी सैंटर,खेल नीति ,स्वनिति, पीएम किसान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वामित्व, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, खेलों इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन व आयूषमान भारत योजना के साथ-साथ अनेक प्रकार की योजना चलाकर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों का जीवन खुशहाल बनाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी प्राथमिकता के आधार पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार देकर प्रदेश हरियाणा प्रदेश से भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को खत्म करने का काम किया है। भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। प्रदेश का गरीब घर का युवा भी प्राथमिकता के आधार पर बड़े-बड़े पदों पर आसीन हो रहा है जिन्होंने कभी यह नहीं सोचा था कि हम इतने बड़े पदों पर भी सरकारी रोजगार में लग सकते हैं। गांव बरोट में लोगों को संबोधित करते हुए सुभाष हजवाना ने कहा कि आज गांव में भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ देने के लिए गांव-गांव में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पंहुच रही है, जिसमें सरकारी अधिकारी व कर्मचारी मौके पर जाकर योजनाओं की जानकारी दे रहे तथा लाभार्थी को मौके पर ही इसका लाभ दे रहे हैं। गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को उजाला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर व चूल्हा और इसके साथ-साथ अन्य सभी योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ मौके पर ही लाभार्थी को लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर बीडीपीओ अनु टोंक, ईश्वर साकरा, सुरजभान बंदराणा, पंचायत अधिकारी महेंन्द्र सिंह, बलबीर चौहान, प्रिंस भूरा, प्रवीन कुमार, ज्योति,मेनपाल, विनोद शर्मा, राजबीर सिंह आदि थे।

### यात्रा से वंचित व्यक्ति को भी मिल रहा लाभ

**कैथल।** विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा असल में जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गारंटी है। देश व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। इस यात्रा के माध्यम वंचित व्यक्ति भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। विधायक ईश्वर गांव खरोदी व थेह मुकेरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को अपना संबोधन दे रहे थे। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गांव खरौदी में 3 लाख 62 हजार रुपए की धनराशि से डेरा गुरविंद्र सिंह से दर्शन सिंह रास्ते का निर्माण, लगभग 5 लाख रुपए से अमर सिंह से नछतर सिंह की गली, 2 लाख 26 हजार रुपए की लागत से प्रकाश सिंह की गली, 4 लाख 94 हजार रुपए से जग्गी राम से नसीब सिंह की गली, 4 लाख 62 हजार रुपए की लागत से भूना रोड से विश्वकर्मा बस्ती तक रास्ते का निर्माण, 2 लाख 60 हजार रुपये की लागत से निर्मल नंबरदार के रास्ते का निर्माण होगा।

## जरूरतमंद लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ


कैथल। विधायक लीला राम विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विधायक लीला राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की गाड़ी से लोगों में विश्वास बढ़ा है और लोग मौके पर कार्यक्रम में पहुंचकर अपना कार्य करवा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य यही है कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले। सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। आमजन को भी चाहिए वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ लें। विधायक लीला राम गांव पाड़ला तथा नौंच में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। विधायक ने मौके पर ही पात्र व्यक्तियों को गैस-सिलैंडर व अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। विधायक लीला राम ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही सही मायने में राष्ट्र का विकास है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, ड्रोन के प्रयोग से नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि बारे पूर्ण जानकारी दी जा रही है।

## लोगों को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई

■ गांव बालू बिढ़ान व भालंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। एसडीएम देवेंद्र शर्मा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए

गांव बालू बिढ़ान व भालंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गांव बालू बिढ़ान में एसडीएम देवेंद्र शर्मा तथा गांव भालंग में नायब तहसीलदार जोगिंद्र धनखड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में सभी को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी जागरूकता वैन के माध्यम से ग्रामीणां को दिखाई जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। आयुष्मान लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ देने के साथ-साथ कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को नैनो यूरिया व अन्य कृषि यंत्रों के बारे में गहनता से जानकारी दी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जहां एक तरफ महिलाओं को सही पोषण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बच्चों के स्वास्थ्य बारे, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी देने के साथ-साथ छोटे बच्चों का वजन मापा और सही पोषण की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हैल्थ कैंप आयोजित करके कार्यक्रमों में पहुंचने वालों की स्वास्थ्य जांच भी की जाती है। सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट साहिल बालू ने कहा कि यह सरकार की बहुत ही अच्छी योजना है। इससे गरीब व्यक्तियों को उनके घर द्वार पर ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मौके पर सरपंच मीना रानी, सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट साहिल बालू, सतबीर सिंह, राजबीर, सुरेंद्र, हंसराज, सूबे सिंह, सतीश कुमार, बलबीर, तारापुरी, हुकम चंद, प्रेम, नफे सिंह, सोमदत्त, रामेश्वर, पाला राम, गजे सिंह, रामकुमार आदि मौजूद थे।

## जजपा के कर्मचारी व मजदूर प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

■ बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। जजपा की कर्मचारी व मजदूर प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय मीटिंग मे उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

जननायक जनता पार्टी के कर्मचारी व मजदूर प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय मीटिंग पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस कैथल में हुई। इसकी अध्यक्षता के जिला अध्यक्ष रणदीप कोल व कर्मचारी मजदूर संघ के प्रधान रतन चंदाना ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कर्मचारी मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव मंदोला व प्रदेश प्रभारी धूप सिंह माजरा सुरेश पाठक पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष मंडोला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड की हड्डी है कार्यकर्ताओं के दम पर ही पार्टी का संगठन मजबूत बना है। उन्होंने सभी कार्यकताओं को बूथ पर मजबूत टीम तैयार करने का निर्देश दिया और अपील की और कार्यकताअरं को ज्यादा से ज्यादा पार्टी की नीतियों का प्रचार करने की अपील की। रणदीप कौल ने कहा कि अब चुनावी वर्ष है अब सभी कार्यकर्ता अपने आप को दुष्यंत चौटाला समझकर कार्य करें। धूप सिंह माजरा ने पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही।

## ट्रैफिक नियमों के बारे में छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

समाज को विभिन्न मुद्दों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार जागरूक करने के लिए चलाई जा रही मुहिम तहत वीरवार को महिला एसएचओ एसआई रेखा द्वारा आईटीआई गुहना में जाकर विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे, गुड टच बैड टच, डायल 112, नशा न करने बारे व साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया। उनका यहां पहुंचने पर अनुदेशक हीरा लाल शर्मा व अन्य स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। एसएचओ ने बच्चों को बताया कि ट्रैफिक नियमों की पालना ना करने कारण कई बार बड़े हादसे हो जाते है, इसलिए सभी को ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त एसएचओ ने बताया कि आज के दौरान में साइबर क्राइम काफी बढ़ गया है। ओटीपी सहित किसी भी प्रकार की अपनी जानकारी किसी को ना दें। नशा एक सामाजिक बुराई है, इसका सेवन करना किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। बच्चे इस देश व समाज का भविष्य है, बच्चो को अपनी पढ़ाई व खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

## नशे और अपराध की तरफ बढ़ रहा युवा : चित्रा

■ आप की बदलाव यात्रा गुहला हलका पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला-चीका। आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू की गई बदलाव यात्रा वीरवार को गुहला हलका में पहुंची। आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा के नेतृत्व में चीका पहुंची यात्रा का स्थानीय कार्यकताअरं ने स्वागत किया। बदलाव यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से शुरू होकर सिनेमा रोड पर महा सिंह मार्केट चौक पर सम्पन्न हुई। अग्रवाल धर्मशाला चीका में प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए चित्रा सरवारा ने कहा कि बदलाव की यह यात्रा बहुत बड़ी है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकसभा स्तर पर भाजपा को चैलेंज देने के लिए बनाया गया है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में विपक्ष को भाजपा से 10 लाख वोट अधिक मिले हैं। अब लोकसभा की तैयारी है। लोकसभा में अच्छे लोगों को मैदान में उतार जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के राज में हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन हो गया। बेरोजगारी के कारण के कारण हरियाणा का युवा नशे और अपराध की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के 10000 युवाओं को इजरायल भेजने का आफर दे रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गज्जन सिंह गोविंदपुरा, जिला सचिव कुलभूषण शर्मा, जिलाअध्यक्ष व्यापार विंग जगजीत सिंह,किसान विंग जिला अध्यक्ष कर्मजीत अंटाल, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक वर्मा, रमेश ढाण्डा, डॉ मेजर, रामकुमार वाल्मीकि मीना सैनी, बिट्टू राणा आदि मौजूद थे।

### विद्यार्थियों ने किया गीता जयंती कुरुक्षेत्र का भ्रमण

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली के छात्रों ने गीता जयंती कुरुक्षेत्र के शैक्षणिक भ्रमण को गांव के युवा सरपंच गगनदीप सिंह ने बस को हरी झंडी देकर रवाना किया। शैक्षणिक भ्रमण से ऐतिहासिक धरोहरों,संस्कृति,लोकनृत्य को नजदीक से देख कर उनके महत्ता को समझेंगे। दूसरे प्रदेशों से आए कलाकारों और कारीगरों की कलाकृतियां,ललित कलाओं,कुटीर उद्योगों की दस्तकारी देखने और समझने का मौका मिलेगा। बच्चे कल्पना चावला, पैनोरमा, धरोहर, कृष्णा संग्रहालय,ब्रह्मसरोवर, ज्योतिसर देखकर उनकी महत्ता को जानेंगे।

## गठबंधन सरकार की जन विरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान :कोलेखां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत


कलायत। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हरियाणा किसान कांग्रेस अध्यक्ष सदस्य धर्मवीर सिंह कोलेखां फोटो :हरिभूमि

हरियाणा किसान कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह कोलेखां ने कहा कि 13 जनवरी को उपमंडल के गांव बालू में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला किसान बचाओ रैली को संबोधित कर केंद्र व प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों की पोल खोलेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा से मुक्ति पाने के लिए हरियाणा प्रदेश के सभी लोगों द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला को भरपूर समर्थन दिया जा रहा है। वे बृहस्पतिवार को गांव बालू में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। धर्मवीर कोलेखां ने कहा कि गठबंधन सरकार में हर रोज घोटाले हो रहे हैं, कभी शराब घोटाला तो कभी खनन घोटाला, धान घोटाला, भर्ती घोटाला, रजिस्ट्री घोटाला तो कभी पेपर लीक हो रहे हैं। इस दौरान उनके साथ हलका उपाध्यक्ष राजू बालू, बिंद्र सरपंच, पूर्व सरपंच सूबे सिंह, रमेश, ईश्वर बालू आदि रहे।

**उपलब्धि** | एनआइआइएलएम यूनिवर्सिटी के वीसी को यूएसए में मिला सम्मान

## प्रो शमीम अहमद को मिली डी. लिट की मानद उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। प्रोफेसर (डॉ.) शमीम अहमद को डी-लिट की उपाधि से नवाजते अधिकारी।

एन आई आई एल एम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) शमीम अहमद को यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मार्लिन से डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी. लिट)की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में सबसे सर्वोच्च डिग्री उन्हें थ्यूरी ऑफ मैनेजमेंट पर शोध करने पर प्रदान की गई है। प्रोफेसर (डॉ)शमीम अहमद को यह सम्मान 11वीं यूरोपीय इंटरनेशनल एजुकेशन कॉन्फ्रेंस में दिया गया। इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस में एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ) शमीम अहमद ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर यूरोपीय काउंसिल फॉर हायर एजुकेशन एंड एक्रेडिटेशन, यूनाइटेड किंगडम ने डॉ. शमीम अहमद को हायर एजुकेशन में रिसर्च के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। खुशी से गदगद विश्वविद्यालय के चेयरमैन संदीप चहल, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव दहिया, डायरेक्टर डॉ. बलराज ढांडा,डायरेक्टर डॉ. संदीप चहल ने बधाई देते हुए कहा कि एक साथ दो उपलब्धि मिलने से जहां डॉ. शमीम अहमद का नाम इंटरनेशनल स्तर पर गूंजा है, वहीं एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय का भी भारत में ही नहीं विश्वस्तर पर कद बढ़ा है। डॉ शमीम अहमद को यह उपाधि पब्लिक रिलेशन यूनिवर्सिटी ऑफ केलीफोर्निया के डीन प्रो. डॉ. रघुनाथ प्राक्कल, मिनिस्ट्री ऑफ प्लानटेशन श्रीलंका सरकार के चेयरमैन डॉ. कृष्णनथा पथिराजा, योगा विभाग फ्लोरिडा अमेरिका के डायरेक्टर डॉ. सुरेशा के.नारपाई, सेंटर फॉर रिसर्च एक्रीडिशन कमीशन मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया से डॉ. आर. शिवारमन व डॉ ए डी कुमार डॉ. पवन ने प्रदान की। ज्ञात रहे कि डॉ. शमीम अहमद को इंटरनेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेंनिग यूएसए की सदस्यता मिल चुकी है।

**सूचना**

मैं, भागो देवी विधवा चमेला सिंह निवासी गांव मुन्नारेहड़ी तहसील पूण्डरी, जिला कैथल, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अंग्रेज सिंह व पुत्रवधु सोनी देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



जींद। राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

### भाजपा किसान मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला

**जींद।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस सांसद एवं अन्य सांसदों द्वारा अशोभनीय एवं स्तरहीन व्यवहार के विरोध में वीरवार को कैथल रोड पर किसान मोर्चा व भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। किसान मोर्चा महामंत्री अनिल सैनी ने कहा कि उपराष्ट्रपति के प्रति ऐसा स्तरहीन व्यवहार विपक्ष को शोभा नहीं देता।

### मारपीट व धमकी के मामले में दो नामजद

**कैथल।** कैथल पुलिस ने मारपीट व धमकी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मॉडल टाउन निवासी महेंद्रपाल ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 14 दिसंबर को आरोपी संजीव व सुरेश ने उससे व उसके साथी सरवेश के साथ मारपीट की।

### नागक्षेत्र सरोवर पर 25 को तुलसी पूजन दिवस

**सफीदों।** कर्मकांडी ब्राह्मण परिषद के आह्वान पर सफीदों के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की बैठक नगर के नागक्षेत्र हाल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के प्रतिनिधि संजीव गौत्तम ने की। बैठक में 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाए जाने के विषय में चर्चा हुई। गण्यमान्य लोगों ने तुलसी पूजन दिवस पर मनाने पर अपने-अपने विचार रखे ।

### सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

**सफीदों ।** सफीदों पुलिस ने सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज किया है। गांव पाथरी (पानीपत) निवासी सत्यवान ने कहा कि वह सफीदों से बाईक पर अपने साथी कप्तान के साथ गांव पाथरी लौट रहे थे कि सांय कुरड़ मोड के पास गांव हाट की तरफ से एक गाड़ी चालक तेज रफतार से चलाता हुआ आया और सामने की तरफ से सीधी टक्कर हमारी मोटरसाईकल में दे मारी।

### फॉक डांस में काम्या ने पाया प्रथम स्थान

**सफीदों।** हरियाणा शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों की छात्रा काम्या ने फॉक डांस में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

### किछाना में बनी पेयजल समस्या, लोग परेशान

**राजौंद।** खंड के गांव किछाना में मुख्य सड़क बाल्मीकी में जो पिछले कई वर्षोर् से पानी की निकासी न होने व नाले न होने के कारण सारा गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। लेकिन बार बार प्रशासन को अवगत भी करवा चुके हैं, इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा।



जींद। शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना में योग विषय पर कार्यक्रम आयोजित।

### शिवानिया स्कूल में छात्रों को बताए योग के फायदे

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना में विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताया गया। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में योग का बड़ा महत्व है। आज प्रतिस्पर्धा के दौर में विद्यार्थी तनावग्रस्त हो जाते है। ऐसे में तनाव से दूर रहने के लिए योग सबसे जरूरी है। विद्यार्थियों को चाहिए कि योग को वो अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें। निरंतर योग करने से मानसिक रूप से विद्यार्थी बेहतर होंगे तो दिमाग भी उनका तरोजाता रहेगा।

## नौ आरोपी काबू, 19 चोरीशुदा बाइक बरामद

# पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

### थाना शहर पुलिस को उल्लेखनीय सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया





कैथल। शहर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बाइक चोर तथा मामले की जानकारी देती एसपी उपासना। फोटो : हरिभूमि

थाना शहर पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए 9 बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 9 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से कुल 19 चोरी की बाइक बरामद की गई। एसपी उपासना ने बताया कि 15 दिसंबर को सांयकालीन गश्त दौरान थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर बीर सिंह की टीम सिरटा रोड कैथल पर मौजूद थी। जहां पर 2 नौजवान युवक एक बाइक पर सवार होकर महादेव कालोनी की तरफ से आ रहे थे, जो पुलिस पार्टी को देखकर बाइक को वापिस मोडकर भागने का प्रयास करने लगे। शक के बिनाह पर पुलिस पार्टी द्वारा दोनो युवकों को काबू कर लिया गया। युवको की पहचान बढसिकरी निवासी सुशील तथा कमालपर निवासी यश के रूप में हुई। पूछताछ दौरान दोनो युवक बाइक बारे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। व्यापक जांच दौरान यह बाइक करनाल रोड कैथल से चोरी होनी पाई गई। जो बाइक फ्रेंड्स कालोनी निवासी रोहित की पाई गई, जिसकी शिकायत अनुसार 26 नवंबर को उसकी बाइक को डाउन टाउन पिजा के पास से अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए थे। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को मौके पर पहुंचे पीएसआई शनेष द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। व्यापक पूछताछ के लिए दोनों आरोपियों का न्यायालय से 5 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड अवधि दौरान व्यापक पूछताछ के बाद चोरी की बाइक खरीदने वाले शिमला निवासी आर्यन, राहुल तथा नवदीप, बढसिकरी खुर्द निवासी प्रदीप तथा कलायत निवासी सतपाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके कब्जे से 1-1 बाइक बरामद की गई। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपी सुशील व यश के कब्जे से उनके घर से 10 अन्य चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। बरामद की गई कुल 16 बाइको में 3 थाना शहर क्षेत्र, 4 थाना सिविल लाइन क्षेत्र से, 3 जिला कुरुक्षेत्र से, 5 जिला जींद से 1 गुरुग्राम से चोरी होनी पाई गई है। एसपी ने कहा कि एक अन्य मामले में थाना शहर पुलिस के एचसी करनैल व एचसी बलजोर सिंह की टीम द्वारा 15 दिसंबर को खुराना रोड़ बाईपास कैथल के पास नाकाबंदी दौरान आरोपी खुराना रोड़ कैथल निवासी कर्ण व अनुज को काबु किया गया था। जिनके कब्जे से कुल 3 चोरीशुदा बाइक बरामद हुई जो 3 बाइक जिला कुरुक्षेत्र से चोरी होनी पाई गई। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बाइक के लोक को अच्छी तरह चेक करले। ये बाइक चोर ज्यादातर उन्ही बाइक को निशाना बनाते हैं, जिनका लोक खराब है तथा उनमे कोई भी पुरानी चाबी लग जाती है।



जींद। महिलाओं को संबोधित करते हुए एडवोकेट विजयपाल सिंह। फोटो : हरिभूमि

# सैकड़ों स्थानों पर एक साथ होगा गीता पाठ : विजयपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों

- महिला मोर्चा व सामाजिक संस्थाओं से किया आह्वान

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा चलाये गए विशेष अभियान एक मिनट-एक साथ, गीता पाठ को ले नगर में महिला मोर्चा की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय कीर्ति आह्वान समिति के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट विजयपाल सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में स्थानीय महिला कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। नगर के विभिन्न स्थानों पर सभी महिलाओं द्वारा एक मिनट एक साथ गीता पाठ करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। एडवोकेट विजयपाल सिंह ने बताया कि बैठक में उपस्थित महिलाओं से विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया गया कि आगामी 23 दिसंबर को बैठक में उपस्थित सभी महिला कार्यकर्ता नगर के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं को एकत्रित करके एक साथ गीता पाठ महाअभियान के तहत गीता पाठ करेंगी। साथ ही उन्होंने स्थानीय सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं का आह्वान भी किया। उन्होंने कस्बे की विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को आगामी 23 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में एक मिनट-एक साथ गीता पाठ अभियान से जुडऩे का आह्वान किया। गौरतलब है कि स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा राष्ट्रीय कीर्ति आह्वान समिति के साथ-साथ अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से गीता जी के तीन श्लोक को गीता जयंती 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे बजे एक साथ करने का संकल्प लिया है। क्योंकि लगभग यही समय गीता उपदेश का समय माना गया है। इस अभियान में वे सभी शहरों में, सामाजिक शैक्षणिक संस्थाओं का सहयोग के लिए आह्वान कर रहे हैं। इसी अभियान के तहत उन्होंने सभी संस्थाओं से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया है।

# किसानों के धरने को भाकियू का समर्थन

- प्रदेश सरकार किसानों व मजदूरों के हित में सही स्थान पर पुल बनाए : राजीव आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



ढांड। भाकियू युवा हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य किसानों के धरने का समर्थन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

युवा भाकियू (मान गुट) हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने गांव कमालपुर कलायत में पिछले 17 दिनों से नैशनल हाई-वे जम्मू कटरा के ऊपर सही जगह पर पुल न बनने के विरोध में चल रहे किसानों व मजदूरों के धरने का समर्थन किया। धरने को विशेष रूप से संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश महासचिव भूरा राम पबनावा, होशियार सिंह गिल प्रदेश अध्यक्ष धन्ना भगत व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश बंदराना भी मौजूद थे। इसके बाद आज कस्बे में नई अनाज मंडी पुराने कुरुक्षेत्र रोड के पास स्थित अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए राजीव आर्य ने कहा कि नैशनल हाई-वे जम्मू कटरा के ऊपर बनाया जा रहा पुल सही स्थान पर न होकर गलत स्थान पर बनाया जा रहा है। जबकि पुल जिस स्थान किठाना कमालपुर गांव रोड पर बनाया जाना था, वहां नहीं बनाया जा रहा है। एक रजवाहे के नीचे से बनाया जा रहा है, जिसके नीचे से वाहन निकलते समय भी दिक्कत होगी। जिस कारण ग्रामीणों के साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान व मजदूरों की मांग बिल्कुल जायज है।

# धरने को समर्थन देने पहुंचे किसान नेता

- पार्षद शहर के जनप्रतिनिधि, इनके साथ दुर्व्यवहार करना गलत : कैलाश सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। नगर परिषद में धरना दे रहे नगर पार्षद। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद कार्यालय परिसर में नप पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला की अध्यक्षता में दस पार्षदों के साथ चल रहा धरना पर करवां दिन प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है। सातवें दिन धरने पर एआईकेएस रा'य प्रधान व किसान नेता बलबीर सिंह ने अपने अन्य नेताओं के साथ धरने का समर्थन किया। उन्होंने पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्षद शहर के जनप्रतिनिधि होते है इनके साथ नगर परिषद में दुर्व्यवहार करना गलत है। जो पार्षद धरने पर हैं यह शहर के विकास के हित में बैठे है। सभी किसान नेता इनके धरने का समर्थन करते है और शहर के लोगों से भी अपील करते हैं कि वह भी शहर के विकास के लिए उठने वाली आवाज का समर्थन करें ताकि शहर में विकास कार्य हो सकें। धरने की अध्यक्षता कर रहे नप पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला ने बताया कि पिछले सात दिनों से वह धरने पर हैं लेकिन नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों की कानों तक जूं नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी व कर्मचारी इस तरह का रवैया अपनाते हैं तो पार्षदों को भी दूसरा रूप बदलना पड़ सकता है। भविष्य में सभी पार्षदों को इन्हीं मांगों और शहर के विकास के लिए सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। उसके बाद की जिम्मेदारी नगर परिषद प्रशासन या फिर स्थानीय प्रशासन की होगी। उन्होंने बताया कि उनकी मांग है कि विकास कार्योर् के लिए जो भी टेंडर लगाए गए थे जिन्हें रद्द किया गया। उन टेंडरों को दोबारा से लगाया जाए ताकि शहर के विकास कार्य हो सकें। उस बात की जानकारी भी सामूहिक रूप से दी जाए कि क्यों वह टेंडर रद्द किए गए। इस मौके पर पार्षद डा संजय, पार्षद आशुतोष शर्मा, पार्षद बलजीत उर्फ नन्हा चोपड़ा, पार्षद दिनेश गर्ग, पार्षद गौरव सेतिया व पार्षद प्रतिनिधि चरण सिंह चोपड़ा, विनोद राइका, मा सुशील गोयल, सोनू चौहान, जगरूप सुरजेवाला, गंगा एमसी ,रामपाल उझाना, दिलबाग नैन, आदि ने भी समर्थन दिया।

# नंबरदार शासन, प्रशासन व जनता के बीच की अहम कड़ी

- अगर नंबरदारों की मांगों को पूरा नहीं किया तो सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। तहसील परिसर में अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार के रीडर को ज्ञापन सौंपते हुए नंबरदार।

खंड नंबरदार एसोसिएशन पूंडरी के नंबरदारों ने अपनी मांगों को लेकर आज वीरवार को तहसील परिसर पूंडरी में सरकार के खिलाफ धरना व प्रदर्शन किया। अपनी मांगों के समर्थन में नंबरदार निगरानी कमेटी अध्यक्ष व एसोसिएशन के प्रधान नंबरदार रामपाल लाकड़ा के नेतृत्व में मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार के रीडर को सौंपा। जिसमें नंबरदारों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि 23 नवंबर 2021 को जारी पत्र जिसमें नए नंबरदारों व सरबरा नंबरदारों की नियुक्त पर रोक लगाने के आदेश जारी किए है, तुरंत रोक लगाई जाए। नंबरदारों की आयु सीमा 60 वर्ष और इससे ऊपर के नंबरदारों को अपना मेडिकल फिटनैस सर्टिफकेट देना होगा पर भी रोक लगाई जाए और पहले की तरह पोलिसी को लागू किया जाए।अगर कोई व्यक्ति जमाबन्दी की नकल में लेने आता है वह नम्बरदार से नहरी अबयाना की एनओसी लेकर आए यह नियम पूण्डरी तहसील में लागू किया जाए। जो कि गुहला चीका तहसील में लागू है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 में घोषणा की थी कि सभी नंबरदारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाए।

# सार्थक ने रजत जीतकर बैडमिंटन चैंपियनशिप में बनाई अपनी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। सार्थक अपने कोच के साथ। फोटो : हरिभूमि

- डीएवी स्कूल अर्बन एस्टेट जींद में राज्य स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन

डीएवी स्कूल अर्बन एस्टेट जींद में 18 व 19 दिसंबर को इंटर डीएवी राज्य स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें अंडर-14 आयु वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 49 गुडगांव की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। जिसमें सार्थक, दिव्य तथा श्रेष्ठ ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें से सार्थक और दिव्य का चयन राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए किया गया है। सार्थक गांव गोसाईंखेड़ा निवासी सतबीर सिंह पवार सेवानिवृत्त एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी, बीएंडआर हरियाणा के दोहते हैं। सतबीर सिंह पवार केबड़े भाई दिलबाग सिंह पवार की दोहती लक्षिता ने भी पिछले वर्ष कर्नाटक के वेल्लारी में आयोजित सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 60-63 किग्रा भार वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता था। हाल ही में उनके छोटे भाई भूप सिंह पवार की बेटी अंकिता पवार भी सिविल सेवा परीक्षा में 28वां रैंक हासिल करके आईएएस अधिकारी बनी हैं। जो अभी मसूरी में आईएएस की ट्रेनिंग कर रही हैं। सतबीर सिंह ने भी अभी हाल में ही 66 वर्ष की आयु में सिविल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधिक प्राप्त करके अपने क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस प्रकार यह परिवार निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। जिसने पढ़ाई और नौकरी के साथ-साथ खेलों में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

# विश्वविद्यालय में चल रहे शोध कार्य और उसके लाभ की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- कसीआरएसयू के सहायक प्रोफेसर ने प्रस्तुत किया शोध

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग के सहायक प्रो. डा. सुनील रोहिल्ला ने दिल्ली टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय में 20 से 22 दिसंबर तक आयोजित होने वाली इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईसीएएमएनओपी 2023 में इनवाइटेड स्पीकर के तौर पर अपने शोध कार्य को प्रस्तुत किया।

इस प्रस्तुति में उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रहे शोध कार्य और उससे होने वाले फायदे की चर्चा की। उस अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर उन्होंने बताया कि किस तरह चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद ग्रामीण अंचल से आने वाले विद्यार्थियों को शोध करवा रहा है।

उन्होंने अपने शोध कार्योर् का जिक्र करते हुए यह बात बताई कि कैसे विद्यार्थी अपनी लैब में लिमिटेड रिसोर्सेस के साथ अपने आप को शोध कार्य के साथ जोड़ सकते हैं।

उन्होंने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग की नैनो मटेरियल सिंथेसिस एंड प्रोसेसिंग लेबोरेटरी में बनाएं, नैनो कंपोजिट्स के गुणों की व्याख्या करते हुए बताया कि मैग्नेटिक मैटेरियल्स जब नैनो डाइमेंशंस पर बनाए जाते हैं तो उनके फिजिकल और केमिकल विशेषताओं में चमत्कारिक रूप से वृद्धि होती है और उन पार्टिकल्स को विशेष रूप से मैग्नेटिक स्विचस, मैग्नेटिक सेंसर, मैग्नेटिक रिकॉर्डिंग मीडिया आदि में प्रयोग किया जा सकता है।

## जिला प्रशासन के तहत विभागों की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

# गीता जयंती समारोह के लिए सजा उदयसिंह किला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। गीता जयंती समारोह को लेकर सजाया गया भाई उदय सिह का किला। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गीता जयंती महोत्सव का आगाज 22 दिसंबर को हवन यज्ञ से होगा, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विधायक लीला राम शिरकत करेंगे। इसके बाद प्रदर्शनी का शुभारंभ भी होगा। महोत्सव की श्रृंखला में 23 दिसंबर को सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से माता गेट से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ-साथ 22 व 23 दिसंबर को सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि भाई उदय सिंह किला परिसर में 22 दिसंबर को ही सायं 5 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग करेंगी। उन्होंने कहा कि 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे महोत्सव स्थल पर स्कूली बच्चों द्वारा अष्टाध्याय श्लोकोच्चारण होगा। दोपहर 2 बजे माता गेट से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, इस शोभा यात्रा को हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह शोभा यात्रा माता गेट से शुरू होकर सीवन गेट, डोगरा गेट, प्रताप गेट, चंदाना गेट, भगत सिंह, छात्रावास रोड, पुराना बस स्टैंड, पेहवा चौक होते हुए भाई उदय सिंह किला परिसर समारोह स्थल पर संपन्न होगी। इसी दिन विद्क्यार तीर्थ पर सायं साढ़े 4 बजे दीपोत्सव व संध्या आरती का आयोजन होगा। सायं को 5 बजे महोत्सव स्थल पर सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें विधायक ईश्वर सिंह बतौर मुख्यातिथि तथा बीजेपी जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। डीसी ने सभी जिलावासियों से आह्वान किया है कि सभी इस गीता जयंती महोत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लें। गीता का सार हम सबके लिए बड़ा महत्वपूर्ण है। गीता हमें जीने का ढंग सिखाती है। हम सभी को गीता के श्लोकों को आत्मसात करना चाहिए।

### फतेह सिंह के सिर दूसरी बार सजा पूंडरी शिक्षक संघ के प्रधान का ताज

**पूंडरी।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कैथल जिला प्रधान बलवान छौत के नेतृत्व में खंड कार्यकारिणी पूंडरी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें फतेह सिंह को दूसरी बार राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ पूंडरी का सर्वसम्मति से प्रधान चुन लिया गया। कार्यकारिणी अन्य सदस्य मे उपप्रधान दिलबाग सिंह, सचिव बलविंद्र, कोषाध्यक्ष प्रहलाद सिंह, ऑडिटर शिवकेश व संगठन सचिव नीरज गोलन को चुना गया। इस मौके पर संघ के नवनियुक्त प्रधान फतेह सिंह ने कहा कि पूंडरी के प्राथमिक शिक्षकों ने मुझे जो जिम्मेवारी दी है मैं उसकी पूरी तरह से निर्वहन करुंगा और सभी साथियों को साथ लेकर चलते हुए प्राथमिक शिक्षकों के जो भी मामले मेरे समक्ष लाए जाएंगे जिला कार्यकारिणी तथा रा'य कार्यकारिणी के सहयोग से मैं उनको पूर्ण करने का संकल्प लेता हूं। उपस्थित सभी प्राथमिक शिक्षकों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी तथा फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में रा'य वरिष्ठ प्रधान इशम सिंह भारती, बलवान छौत, मनोज खरब, व अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005